# फाउंडेशन न्यूजलेटर

## एक त्रैमासिक विवरणिका - FY2025-26, Q4 - #24

उत्कर्ष वेलफेयर फाउंडेशन
उन्नयन
कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के अंतर्गत पंजीकृत
(कंपनी अधिनियम, 1956 की पूर्ववर्ती धारा 25)

## आउटरीच (पहुँच एवं विस्तार)

### भौगोलिक उपस्थिति

07 राज्य
(बिहार, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, मेघालय, उड़ीसा, उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश)

जिले
80+ जिलों में

### लाभार्थी अब तक

वित्तीय उन्नयन
(वित्तीय जागरूकता)
16,50,000+ लाभार्थी

आरोग्य उन्नयन
(स्वास्थ्य पहल)
29,30,000+ लाभार्थी

युवा उन्नयन
कौशल, उद्यम, विकास व आजीविका कार्यक्रम)
46,600+ लाभार्थी

ज्ञान उन्नयन
(शिक्षा)
16,000+ लाभार्थी

ग्राम उन्नयन
(ग्राम विकास कार्यक्रम)
16,000+ लाभार्थी

### सक्रिय कार्यक्रम

वित्तीय उन्नयन
(वित्तीय जागरूकता)
(मास्टर ट्रेनर और सामुदायिक संसाधन सेवी द्वारा वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम)

आरोग्य उन्नयन
(स्वास्थ्य पहल)
- स्वास्थ्य शिविर
- स्वास्थ्य जागरूकता
- ई-क्लिनिक
- स्वास्थ्य मित्र

युवा उन्नयन
(कौशल, व्यावसायिक, उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम)
- उद्यमिता विकास कार्यक्रम
- बुनकर विकास कार्यक्रम
- कौशल विकास कार्यक्रम

ज्ञान उन्नयन (शिक्षा)
- डिजिटल स्मार्ट क्लास
- शिक्षा संवर्धन कार्यक्रम

ग्राम उन्नयन (ग्राम विकास कार्यक्रम)
- समग्र विकास - चयनित गांवों में

(नोट: अलग-अलग कार्यक्रमों में कुछ लाभार्थी समान हो सकते हैं।)

## Q4- एक नज़र

### बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन (BSDM) से लेटर ऑफ अवार्ड

उत्कर्ष वेलफेयर फाउंडेशन को Bihar Skill Development Mission (BSDM) द्वारा BFSI (बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज और इंश्योरेंस) सेक्टर में स्किल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए लेटर ऑफ अवार्ड (LoA) प्राप्त हुआ है।इस परियोजना के अंतर्गत UWF ग्रामीण युवाओं का मोबिलाइजेशन, प्रशिक्षण और विभिन्न वित्तीय संस्थानों में प्लेसमेंट सुनिश्चित करेगा। यह पहल बिहार सरकार की Recruit, Train & Deploy (RTD) योजना के तहत संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य रोजगार क्षमता बढ़ाना, कौशल असमानता को कम करना और ग्रामीण युवाओं के लिए स्थायी आजीविका के अवसर प्रदान करना है।

### पेरोल गिविंग पहल की शुरुआत

Q4 के दौरान, UWF ने Payroll Giving Initiative की शुरुआत की, जो एक संगठित कर्मचारी सहभागिता और फंडरेज़िंग कार्यक्रम है। इस पहल के माध्यम से उत्कर्ष समूह के कर्मचारी अपनी मासिक आय का एक हिस्सा स्वेच्छा से सामाजिक कार्यों के लिए योगदान कर सकते हैं, जो सीधे उनके वेतन से कटौती के रूप में होता है। यह पहल पारदर्शिता, निरंतरता और आसान भागीदारी सुनिश्चित करेगी तथा कर्मचारियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत बनाएगी। इससे UWF को स्वास्थ्य, शिक्षा और सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में अपने कार्यों के लिए स्थायी वित्तीय सहयोग प्राप्त होगा।

### ग्राम खटोला, दिनेशपुर में ई-क्लिनिक संचालन हेतु सहयोग

3 मार्च 2026 को ग्राम खटोला, दिनेशपुर में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट (ISD) एवं Tata Motors Commercial Vehicles के सहयोग से एक ई-क्लिनिक के संचालन हेतु सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर ISD की निदेशक श्रीमती विंध्यवासिनी देवी सहित टाटा मोटर्स के शाखा प्रमुख, एचआर प्रतिनिधि, सीएसआर प्रमुख एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया।

### वित्तीय साक्षरता और सामाजिक सुरक्षा लींकेज

Q4 के दौरान, वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं और बैंकिंग उत्पादों के लिए कुल 19,272 लिंकेज की सुविधा प्रदान की गई। मुख्य स्कीमों में प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (एबीएचए), तथा अन्य शामिल हैं । आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई), अटल पेंशन योजना (एपीवाई), सुकन्या समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाएं वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा कवरेज को मजबूत कर रही हैं।

### प्रायोजित बालक – बादल की मैराथन में भागीदारी

Q4 के दौरान, बादल ने आगरा में आयोजित 'आगरा ताज हाफ मैराथन' की 5 किलोमीटर श्रेणी में हिस्सा लिया। उन्होंने पूरे आयोजन के दौरान ज़बरदस्त उत्साह और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया, और पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी दौड़ पूरी की। इस अनुभव ने न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया, बल्कि उन्हें एक स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। उनकी यह उपलब्धि समुदाय के अन्य बच्चों के लिए भी एक प्रेरणा का काम करती है, ताकि वे भी इस तरह की सकारात्मक और रोचक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

## लाभार्थियों के अनुभव



**कुसुम देवी बेटी अंशिका के साथ**

मैं, अंशिका की माता कुसुम देवी, ग्राम प्रसादपुर, वाराणसी की निवासी, अपनी बेटी की शिक्षा यात्रा के बारे में अपना अनुभव साझा करना चाहती हूँ। अंशिका कक्षा 5 की छात्रा है। पहले हम उसकी पढ़ाई को लेकर बहुत चिंतित रहते थे, क्योंकि उसे पढ़ने, लिखने और बुनियादी गणित समझने में काफी कठिनाई होती थी। उसका सीखने का स्तर काफी कम था और उसके लिए स्कूल की पढ़ाई के साथ तालमेल बिठाना मुश्किल था।

जब से उसने उत्कर्ष वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित लर्निंग एन्हांसमेंट प्रोग्राम (LEP) में भाग लेना शुरू किया, तब से हमने उसमें धीरे-धीरे सकारात्मक बदलाव देखना शुरू किया। केंद्र पर बच्चों को रोजाना 2 घंटे तक गतिविधि आधारित और खेल-खेल में पढ़ाया जाता है, जिससे पढ़ाई आसान और रोचक बन जाती है।अंशिका अप्रैल 2025 से नियमित रूप से केंद्र पर जा रही है, और हमने उसमें काफी सुधार देखा है। अब वह 20 तक पहाड़े सीख चुकी है, हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों में पढ़ और लिख सकती है, तथा फल, फूल और जानवरों के नाम पहचानकर लिख भी सकती है।

हम उसकी प्रगति से बहुत खुश और संतुष्ट हैं। उसे पढ़ाई में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते देख हमें बहुत खुशी होती है। हम उत्कर्ष वेलफेयर फाउंडेशन के प्रति दिल से आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हमारी बेटी के बेहतर भविष्य के लिए यह अवसर प्रदान किया

**कुसुम देवी (अंशिका की माता)- प्रसादपुर, वाराणसी, उत्तर प्रदेश**

## उत्प्रेरक

मैं वर्तमान में उत्कर्ष वेलफेयर फाउंडेशन में फाइनैन्स एवं अकाउंट सहायक के रूप में विगत एक वर्ष से कार्यरत हूँ। यहाँ काम करना मेरे लिए एक बहुत अच्छा और सीखने वाला अनुभव रहा है। इस संस्था में मुझे वित्तीय प्रबंधन, अनुपालन (कंप्लायंस) और रिपोर्टिंग पर काम करने का अवसर मिला है। साथ ही, मैं सामाजिक कार्यों में भी अपना योगदान दे पा रहा हूँ, जिससे मुझे संतोष मिलता है।

यहाँ काम करते हुए मैंने अपनी कौशल को और मजबूत किया है और काम करने के बेहतर तरीके सीखे हैं। मुझे यहाँ का सहयोगी माहौल और मुझ पर किया गया भरोसा बहुत पसंद है। यहाँ की नेतृत्व टीम हमेशा नई चीजें सीखने और नए विचार लाने के लिए प्रेरित करती है, जिससे मुझे पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों रूप से आगे बढ़ने में मदद मिली है।उत्कर्ष वेलफेयर फाउंडेशन का हिस्सा बनकर मुझे अपने काम का एक उद्देश्य महसूस होता है, क्योंकि मेरा कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में योगदान देता है। मैं उन सभी लोगों को यहाँ काम करने की सलाह दूँगा, जो अपने काम के साथ-साथ समाज के लिए भी कुछ करना चाहते हैं।

**ऋषभ सिंह - फाइनैन्स एंड अकाउंटस, प्रधान कार्यालय, वाराणसी**



**ऋषभ सिंह**

## झलकियाँ










इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट (ISD) और Tata Motors Commercial Vehicles केसहयोग से ग्राम खटोला, दिनेशपुर में एक ई-क्लिनिक की स्थापना













बालक – मास्टर बादल की आगरा में आयोजित 'आगरा ताज हाफ मैराथन' में भागीदारी

वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण और सामाजिक सुरक्षा एवं लिंकेजेस

## पार्टनर्स

ACCION | FMO | G.V.MEDITECH | HDFC LIFE | IFC | ISMW | M2I | MILAAP | MPMMCC

M-SWASTH | NHM | NASSCOM FOUNDATION | PARUL SEVASHRAM HOSPITAL | R.S.HOSPITAL | SCBF | SESHAASAI BUSINESS FORMS

SIDBI | SUNKING | UCL | USFBL | UNDP

प्रश्नों और सुझावों के लिए, कृपया लिखें :

हमें फॉलो करें :

पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट कार्यालय - S-2/641-34,वरुणा विहार कॉलोनी, जे. पी. मेहता रोड, कैंट, वाराणसी उत्तर प्रदेश, भारत, पिन - 221002 फोन: +91-542-2280485

communications.uwf@utkarshwelfarefoundation.com www.utkarshwelfarefoundation.com

# FOUNDATION NEWSLETTER

Utkarsh Welfare Foundation
*Unnayan*

Registered under Section 8 of Companies Act, 2013
(Erstwhile Section 25 of Companies Act, 1956)

## A QUARTERLY BULLETIN - FY2025-26, Q4 - #24

## Outreach at a Glance

**Geographical Outreach**

07 States
(Bihar, Jharkhand, Madhya Pradesh, Meghalaya, Odisha, Uttarakhand and Uttar Pradesh)

Districts
80+ Districts

**Beneficiary Outreach**

Vittiya Unnayan
(Financial Awareness)
16,50,0000+ Beneficiaries

Arogya Unnayan
(Health Initiatives)
29,30,000+ Beneficiaries

Yuva Unnayan
(Skill, Vocational & Entrepreneurship Development Program)
46,600+ Beneficiaries

Gyan Unnayan
(Education)
16,000+ Beneficiaries

Gram Unnayan
(Village Development Program)
16,000+ Beneficiaries

**Ongoing Program**

Vittiya Unnayan
(Financial Literacy)
Financial Literacy Training through Master Trainer & Community Resource Person

Arogya Unnayan
(Health Initiatives)
- Health Camps
- Health Awareness
- E-Clinic
- Swasthya Mitra

Yuva Unnayan
(Skill, Vocational & Entrepreneurship Development)
- Enterprise Development Program
- Weavers Support Program
- Skill Development for Youth

Gyan Unnayan (Education)
- Digital Smart Class
- Learning Enhancement Program

Gram Unnayan
(Village Development Program)
- Comprehensive Development in Selected Villages

(Note: Beneficiaries' outreach may include overlapping beneficiaries across programmes.)

## Q4 at a Glance

### Letter of Award from Bihar Skill Development Mission (BSDM)

During the quarter, Utkarsh Welfare Foundation (UWF) has been awarded with a Letter of Award (LoA) by Bihar Skill Development Mission (BSDM) for the implementation of a skill development project in the BFSI (Banking, Financial Services, and Insurance) sector. Under this engagement, UWF will undertake the mobilization, training, and placement of rural youth in various financial institutions. This initiative is being executed under the Recruit, Train & Deploy (RTD) scheme of the Government of Bihar, with a focused approach towards enhancing employability, bridging skill gaps, and facilitating sustainable livelihood opportunities for rural candidates.

### Launch of Payroll Giving Initiative

During the month, UWF launched Payroll Giving Initiative, a structured employee engagement and fundraising program that enables salaried individuals from Utkarsh Groups to contribute a portion of their monthly income towards social causes in a seamless and sustained manner. The initiative allows employees to make voluntary contributions directly through payroll deductions, ensuring consistency, transparency, and ease of participation. By integrating philanthropy into the workplace, the program not only strengthens employee morale and purpose but also aligns corporate values with social responsibility goals.Through this initiative, Utkarsh Welfare Foundation will be able to mobilize steady financial support for its key interventions in healthcare, education, and community development.

### Support Extended for E-Clinic Operations in Village Khatola, Dineshpur

On 3 March 2026, the Institute of Social Development (ISD), in collaboration with Tata Motors, extended support for the operation of an E-Clinic in Village Khatola, Dineshpur. The occasion was attended by ISD Director Ms. Vindhyavasini Devi along with senior representatives from Tata Motors, including the Branch Head, HR representatives, CSR Head, and other officials. The dignitaries appreciated the initiative and described it as an important effort towards ensuring accessible and quality healthcare services in rural communities.

### Financial Literacy & Social Security Linkages

During Q4, a total of 19,272 linkages were facilitated to various government schemes and banking products under the Financial Literacy Program. Key linkages included Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana, Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana, Ayushman Bharat Health Account (ABHA), Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (AB-PMJAY), Atal Pension Yojana (APY), Sukanya Samriddhi Yojana, among others, strengthening financial inclusion and social security coverage.

### Sponsored Child – Master Badal's Participation in a Marathon

During Quarter Q4, Master Badal participated in the 5 km category of the Agra Taj Half Marathon held in Agra. He demonstrated great enthusiasm and determination throughout the event, completing the run with confidence. This experience not only boosted his self-confidence but also encouraged him to adopt a healthy and active lifestyle. His achievement serves as an inspiration for other children in the community to take part in such positive and engaging activities.

## Voices from the Field



**Kushum Devi with daughter Anshika**

I, Anshika's Mother Kusum Devi, residents of Village Prasadpur, Varanasi, would like to share our experience regarding our daughter's learning journey. Anshika is a student of Class 5.Earlier, we were very worried about her studies, as she faced a lot of difficulty in reading, writing, and understanding basic numeracy. Her learning level was quite low, and it was challenging for her to keep up with school. After she joined the Learning Enhancement Program (LEP) run by Utkarsh Welfare Foundation, we gradually started noticing positive changes in her.

At the center, children are taught for 2 hours daily through activity-based and play-based methods, which makes learning simple and interesting. Anshika has been attending the center regularly since April 2025, and we have seen significant improvement in her. She has now learned multiplication tables up to 20, can read and write in both Hindi and English, and is able to identify and write the names of fruits, flowers, and animals.We are very happy and satisfied with her progress. It gives us great joy to see her becoming more confident in her studies. We are truly grateful to Utkarsh Welfare Foundation for providing this opportunity and helping build a better future for our daughter.

**Kushum Devi (Mother of Anshika) - Prasadpur, Uttar Pradesh**

## Employee Speaks

I am currently working as Finance & Accounts Professional at Utkarsh Welfare Foundation, and my journey here has been both professionally enriching and meaningful. The organization provides a strong platform to work on financial management, compliance, and reporting while directly contributing to impactful social initiatives. I have had the opportunity to strengthen my expertise in statutory compliance, and financial controls, while also improving operational processes within the organization. What I value most is the supportive work environment and the trust given to take ownership of responsibilities. Leadership encourages continuous learning and innovation, which has helped me grow both professionally and personally.

Being part of Utkarsh Welfare Foundation gives me a sense of purpose, as my work contributes to creating a positive impact in society. I would highly recommend this organization to professionals who are passionate about finance & Other field and want to work in the development sector.

**Rishabh Singh- Finance & Accounts, Varanasi**



**Rishabh Singh**







Supporting of an E-Clinic by the Institute of Social Development (ISD) and Tata Motors Commercial Vehicles at Khatola, Dineshpur






Sponsored Child – Master Badal's Participation in Agra Taj Half Marathon held in Agra.





Financial Literacy Training & Facilitation Support to Social Security Linkages

## Partners through the Journey

ACCION | FMO | G.V.MEDITECH | HDFC LIFE | IFC | ISMW | M2I | MILAAP | MPMMCC

M-SWASTH | NHM | NASSCOM FOUNDATION | PARUL SEVASHRAM HOSPITAL | R.S.HOSPITAL | SCBF | SESHAASAI BUSINESS FORMS

SIDBI | SUNKING | UCL | USFBL | UNDP

For Queries and Suggestions, please write to:

Follow Us:


Utkarsh Welfare Foundation : Registered & Corporate Office - S-2/641-34, Varuna Vihar Colony, J.P. Mehta Road, Cantt.,Varanasi, Uttar Pradesh, India, PIN – 221002, Phone: +91-542-2280485

communications.uwf@utkarshwelfarefoundation.com www.utkarshwelfarefoundation.com